विधानसभा / महत्वपूर्ण

# कार्यालय संचालक
## संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, email-dirfood.cg@nic.in, website-www.khadya.cg.nic.in)

क्रमांक 294 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 17/2/2026

प्रति,

1. **पंजीयक,**
   सहकारी संस्थाएं, इन्द्रावती भवन,
   नवा रायपुर

2. **प्रबंध संचालक,**
   अपेक्स बैंक,
   अटल नगर, नवा रायपुर, छ.ग.

3. **कलेक्टर,**
   **जिला– जांजगीर–चांपा, सक्ती**
   छत्तीसगढ़

**विषय :– विधानसभा प्रश्न क्रमांक 1013 तारांकित द्वारा श्रीमती शेषराज हरवंश, सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।**

–––00–––

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न क्रमांक 1013 तारांकित की प्रति संलग्न है।

उपरोक्त विधानसभा प्रश्न का उत्तर 'यूनिकोड फॉन्ट' में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोट फॉन्ट' में) **दिनांक 19.02.2026** तक ई–मेल (dirfood.cg@nic.in) के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें। विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड किये जा सकते है।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

पृ.क्रमांक 295 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 17/2/2026

**प्रतिलिपि :–**

खाद्य अधिकारी, जिला– **जांजगीर–चांपा, सक्ती** छत्तीसगढ़। कृपया उक्त प्रश्न की जानकारी संचालनालय को निर्धारित समय–सीमा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

**प्रश्न**

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **27/02/2026**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **09/03/2026** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **धान उपार्जन हेतु पंजीकृत किसान**

( **तारांकित** प्रश्न क्रमांक : **1013** ) **श्रीमतीशेषराज हरवंश**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) जांजगीर-चांपा एवं सक्ती जिला अंतर्गत खरीफ वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में धान उपार्जन हेतु कुल कितने किसानों ने पंजीयन कराया था? इनमें से कितने किसानों ने उपार्जन केन्द्रों में वास्तव में धान विक्रय किया? कितनी मात्रा में किया? कितने पंजीकृत किसान धान विक्रय से वंचित रह गए? वर्षवार विधानसभावार जानकारी देवें? (ख) कितने पंजीकृत एवं भौतिक सत्यापन किए जाने वाले तथा टोकन प्राप्त किसान कितनी मात्रा में धान विक्रय से वंचित हो गए? प्रश्नांश 'क' के सन्दर्भ में जानकारी देवें? (ग) पंजीकृत किसानों में कुल कितने किसान के.सी.सी. धारक है? जिन किसानों का धान विक्रय नहीं हुआ है उनमे से कितने किसानों पर वर्तमान में अल्पकालीन कृषि ऋण बकाया है? वर्षवार जानकारी देवे? (घ) धान उपार्जन केन्द्रों में टोकन जारी करने एवं धान विक्रय नहीं हो पाने के मुख्य कारण क्या है?

**Sent From :** vidhan | **Sent Date :** 17/02/2026 02:08:49 |

## Remark :